# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg.No. - CHHHIN / 2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 15 ■ अंक - 194 ■ अम्बिकापुर, गुरूवार 25 जुलाई 2024 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

www.cgfrontline.com


# पिता के गोद में बैठे 5 वर्षीय पुत्र ने कहा-पापा को जेल भेज दो

## आयोग के निर्देश के बाद भी पत्नी को साथ नहीं रखने और सर्विस बुक में पत्नी एवं पुत्र का नाम दर्ज नहीं कराने पर आयोग ने पति को लगाई कड़ी फटकार

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य नीता विश्वकर्मा ने बुधवार को जिला पंचायत सभाकक्ष अंबिकापुर में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में बुधवार को प्रदेश स्तर की 259वीं सुनवाई व जिला स्तर में 08वीं सुनवाई की गई। सरगुजा, बलरामपुर एवं जशपुर जिले की जनसुनवाई में कुल 55 प्रकरणों में सुनवाई हुई, जिनमें से आयोग ने 23 प्रकरण नस्तीबद्ध किए। सुनवाई के दौरान अपर



कलेक्टर अमृत लाल ध्रुव, महिला एवं बाल विकास से सहायक संचालक शुभम बंसल उपस्थित रहे।

सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में अनावेदक सहायक शिक्षक की पदस्थापना सूरजपुर जिला के ओड़गी विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक शाला कारीमाटी के प्राइमरी स्कूल में वर्ष 2011 से है। शिक्षक को लगभग 39 हजार रुपये मासिक वेतन मिलता है। उसने वर्ष 2017 में आवेदिका से रीति-रिवाज से शादी किया था। दोनों के दांपत्य जीवन के बीच एक 05 वर्ष का पुत्र है। आवेदिका ने बताया कि वर्तमान में वह अपने पुत्र का देख-रेख स्वयं कर रही है, अनावेदक द्वारा किसी प्रकार का भरण-पोषण का खर्च नहीं दिया जा रहा है। पांच माह पूर्व पिछली सुनवाई में आयोग द्वारा दिए गए निर्देश का पालन भी आवेदक नहीं कर रहा है, जिसमें सर्विस बुक में विवाह के सात साल बाद भी अपनी पत्नी और पुत्र का नाम दर्ज नहीं कराया है। इस संबंध में आयोग के निर्देश पर आवेदिका को आर्डर शीट की प्रमाणित प्रति निःशुल्क प्रदान की गई, जिसे लेकर वह अनावेदक पति के स्कूल के प्रिंसिपल और सूरजपुर जिले के जिला शिक्षा अधिकारी से मिलकर पति के सर्विस बुक में अपना और अपने बेटे का नाम दर्ज कराएगी और अपने बेटे के लिए भरण पोषण प्राप्त कर सकती है। ऑर्डर शीट के माध्यम से वह समस्त अनावेदकगणों के खिलाफ अपराधिक प्रकरण भी दर्ज करा सकती है। आयोग के माध्यम से भी प्राचार्य और जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर को पत्र प्रेषित करके अनावेदक पति की सेवा समाप्ति पर जानकारी ली जाएगी। इस निर्देश के पश्चात आयोग से प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया।

## कुलपति उपस्थित नहीं हुए तो कार्यकाल समाप्ति के लिए राज्यपाल से करेंगे अनुशंसा

हमेशा विवादों में घिरे रहने वाले संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय के कुलपति के विरूद्ध शिकायत लेकर अतिथि व्याख्याता डॉ. प्रिया राय ने मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और कर्मचारियों के सामने नीचा दिखाने की शिकायत राज्य महिला आयोग से की है, जिस पर बुधवार, 24 जुलाई को तीसरी सुनवाई हुई। इनकी बातों को आयोग अध्यक्ष ने सुना, लेकिन कुलपति सुनवाई में नहीं पहुंचे। एक अन्य अतिथि व्याख्याता भी आयोग अध्यक्ष के समक्ष कुलपति व विभागाध्यक्ष की शिकायत लेकर उपस्थित हुई थी। डॉ. प्रिया का आरोप है कि पिछले दो साल से मानसिक रूप से प्रताड़ित होने के बाद वे



आयोग में शिकायत की थी, जिसे वापस लेने के लिए उन पर दबाव बनाया जा रहा है। यही नहीं एक करोड़ रुपये का मानहानि दावा सहित अन्य धमकियां दी जा रही है। आयोग से प्रकरण वापस नहीं लेने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की बात कही जा रही है। आरोप है कि एक शिक्षिका को प्रोजेक्ट करने और उन्हें बाहर निकालने के लिए ऐसा किया जा रहा था। ऐसी स्थिति में इस प्रकरण की शीघ्र सुनवाई के लिए रायपुर में रखने का उन्होंने अनुरोध किया है। इसके आधार पर आयोग ने आगामी सुनवाई रायपुर में रखने की बात कही। दरअसल बुधवार को जनसुनवाई में कुलपति को उपस्थिति होना था। तत्संबंध में नोटिस जारी करने के बाद भी वे जनसुनवाई में नहीं पहुंचे। आयोग अध्यक्ष ने कहा यदि अनावेदक रायपुर में सुनवाई के दौरान भी अनुपस्थित रहेंगे तो राज्यपाल से पत्र लिखकर इनके कुलपति पद पर पदस्थापना आदेश को निरस्त करने की अनुशंसा की जाएगी।

## आयोग ने विदेश से पहुंची एक महिला का मामला भी निपटाया-किरणमयी नायक

पत्रकारों से चर्चा करते हुए आयोग अध्यक्ष किरणमयी नायक ने बताया कि उन्होंने अपने चार वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश में कुल 259वीं जनसुनवाई की है। सरगुजा संभाग में 8वीं बार वे जनसुनवाई कर रही हैं। इस प्रकार हर छह माह में उन्होंने सरगुजा संभाग में जनसुनवाई की है। उन्होंने बताया इस दौरान कई गंभीर प्रकरण सामने आ रहे हैं। कुछ मामले ऐसे हैं, जिनसे आयोग का कोई लेना-देना नहीं हैं, ऐसे प्रकरणों को नस्तीबद्ध किया जा रहा है। उन्होंने बताया




जनसुनवाई के दौरान रायपुर में उन्होंने विदेश से पहुंचे एक दंपति का मामला भी निपटाया है। प्रार्थिया छत्तीसगढ़ की ही रहने वाली थी, जिसकी शादी भारत से बाहर हुई है। विवाहित महिला 40 वर्ष की उम्र में पहुंचने के बाद भी 31 वर्ष पूर्व के घटनाक्रम से नहीं उबर पाई थी। इसकी जानकारी पति को मिली और उन्होंने पत्नी का साथ दिया। मामला आयोग के समक्ष पहुंचने के बाद उन्होंने इसकी सुनवाई बंद कमरे में की, सार्वजनिक माफी के बाद महिला के मन का बोझ हल्का हुआ।

## गायब बालिका और जेल में प्रताड़ना से मौत के मामलों की सुनवाई होगी रायपुर में

एक प्रकरण में आवेदिका ने अपनी पुत्री के गायब होने की शिकायत दर्ज कराई थी। अनावेदिका ने बताया कि आवेदिकागणों की शिकायत पर जिला सरगुजा के थाना कमलेश्वरपुर एवं जिला बलरामपुर के थाना राजपुर में विवेचना पुलिस अधिकारियों के द्वारा किया जा रहा है, अभी तक चालान प्रस्तुत नहीं हुआ है। इस प्रकरण में जांच लंबित है। दोनों थाना से आवेदिका की पुत्री की गुमशुदगी और जांच की रिपोर्ट 01 माह में मंगाने एवं अगली सुनवाई रायपुर में रखने कहा गया। एक अन्य प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि उसके मृत बेटे को जेल में प्रताड़ना मिली थी, इस वजह से उसकी मृत्यु हुई है। इस प्रकरण में अंबिकापुर जेल और पुलिस थाना मणिपुर सरगुजा से गिरफ्तारी सहित समस्त दस्तावेज एक माह के अंदर मंगाया गया है। दस्तावेजों के अनुसार सुनवाई रायपुर में की जाएगी।

### जमीन सीमांकन के बाद भी संतुष्टि नहीं

एक प्रकरण में आवेदिका के द्वारा बताया गया कि उसकी जमीन का सीमांकन अनावेदक ने नहीं किया है। अनावेदक आरआई ने दस्तावेज प्रस्तुत किया जिसमें आवेदिका का हस्ताक्षर है और उसके जमीन का सीमांकन भी प्रस्तुत किया, जिसमें आवेदिका के जमीन का सीमांकन होना पाया गया, जिस कारण प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। वहीं एक प्रकरण मे आवेदिका ने अपना प्रकरण समाप्त करने के लिए अनुरोध किया। दोनो पक्षों के बीच सुलह होने पर प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया। एक प्रकरण में दोनों पक्षों के मध्य गांव का आपसी विवाद है।

### केंद्रीय जेल का मामला नस्तीबद्ध किया

केंद्रीय जेल अंबिकापुर के एक बहुचर्चित मामले में दोनों पक्षों की ओर से केस महिला आयोग में दर्ज कराया गया था, लेकिन दोनों पक्ष की ओर से अभी तक किसी प्रकार की वास्तविक कागजी प्रक्रिया पूरी नहीं की गई। आयोग अध्यक्ष किरणमयी नायक ने कहा कि दोनों पक्ष एक-दूसरे को डॉमिनेट करने में लगे थे, ऐसे में सिर्फ आयोग का समय बर्बाद हो रहा था, जिस कारण केस को नस्तीबद्ध कर दिया गया है।

### जिलाबदर के आरोपी से परेशान ग्रामीण, आयोग ने मामले को नस्तीबद्ध किया


एक मामले में अनावेदक ने बताया कि शिकायत पर आवेदिका के भाई को जिलाबदर किया गया है। प्रकरण में जशपुर जिला के कांसाबेल थाना अंतर्गत ग्राम बटईकेला से काफी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने आयोग अध्यक्ष को बताया कि जिलाबदर के आरोपी की हरकत से गांव के लोग परेशान हैं। इसकी हरकत से तंग आकर गांव का प्रेम कुमार यादव पिछले पांच साल से घर छोड़कर रायगढ़ में रह रहा है, इसके बाद भी झूठी शिकायत करके उसे परेशान किया जा रहा है। आयोग अध्यक्ष ने दस्तावेज को देखा और प्रकरण आपसी रंजिश का प्रतीत होने पर दोनों पक्षों को सलाह दिया गया कि उचित फोरम में शिकायत दर्ज करें, इसके साथ प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया।

# भारत विश्व का गुरु था, विश्व का गुरु है और विश्व का गुरु रहेगा-विज्ञान देव महाराज

■ स्वर्वेद कथामृत एवं ध्यान का राजमोहिनी देवी भवन में हुआ एक दिवसीय आयोजन

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सत्य पर पूर्ण विश्वास ही श्रद्धा है। जो श्रद्धावान है वही ज्ञान की प्राप्ति कर शांति का अनुभव करता है। अध्यात्म ही वह समाधान है, जिससे सभी समस्याएं सुलझ जाती हैं। उक्त उद्गार स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक संत प्रवर विज्ञान देव महाराज ने राजमोहिनी देवी भवन अंबिकापुर के ऑडिटोरियम में आयोजित एक दिवसीय जय स्वर्वेद कथा एवं ध्यान साधना सत्र में उपस्थित श्रद्धालुओं के मध्य व्यक्त किए।

आगे उन्होंने कहा अध्यात्म का महाशास्त्र है स्वर्वेद। स्वर्वेद आध्यात्मिक ज्ञान का चेतन प्रकाश है, जिसके आलोक में अविद्या, अंधकार, मिथ्याज्ञान नष्ट होते हैं। यह हमारी आध्यात्मिक यात्रा को सदैव जागृत रखता है। अशांति एवं वैमनस्य से पीड़ित विश्व में शांति एवं सौहार्द्र की स्थापना करने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम स्वर्वेद है। जीवन में स्वर्वेद का आचरण अनंत ऊंचाइयों तक ले जाता है। विज्ञान देव महाराज ने कहा कि कोई व्यक्ति अयोग्य नहीं। अच्छाइयां-बुराइयां सबके भीतर हैं। हमें दुर्बलताओं, कठिनाइयों से घबराना नहीं है,



उन कठिनाइयों को दूर करने की जो प्रेरणा, जो शक्ति, जो सामर्थ्य है वह आध्यात्म के आलोक से, स्वर्वेद के स्वर से एक साधक को अवश्य ही प्राप्त होता है, क्योंकि हमारे भीतर अंतरात्मा रूप से परमात्मा ही तो स्थित है। उन्होंने जय स्वर्वेद कथा के क्रम में कहा कि भारत की आत्मा का नाम ही आध्यात्म है। आध्यात्मिक महापुरुषों के बदौलत ही भारत विश्व गुरु रहा है, विश्वगुरु है और मैं कहता हूं भारत विश्व गुरु रहेगा। संत प्रवर विज्ञानदेव महाराज की दिव्यवाणी जय स्वर्वेद कथा के रूप में लगभग दो घंटे प्रवाहित हुई। स्वर्वेद दोहों की संगीतमय प्रस्तुति से सभी श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे। आयोजकों ने बताया कि विहंगम योग संत समाज के शताब्दी समारम्भ महोत्सव एवं 25000 कुण्डीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ के निमित्त संत प्रवर विज्ञान देव महाराज का 7 जुलाई से दक्षिण भारत से संकल्प यात्रा का शुभारंभ हो चुका है। संकल्प यात्रा दक्षिण भारत, तमिलनाडु, केरल पश्चात छत्तीसगढ़ पहुंचा। दूसरे दिन संकल्प यात्रा कार्यक्रम होते हुए बलरामपुर के बाद अंबिकापुर में पहुंच चुकी है। 06 एवं 07 दिसंबर 2024 को विशालतम ध्यान साधना केंद्र (मेडिटेशन सेंटर) स्वर्वेद महामंदिर, वाराणसी के पावन परिसर में 25000 कुंडीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ होना है। इसी क्रम में यह संकल्प यात्रा हो रही है, जिससे अधिक से अधिक लोगों को पूरे भारत वर्ष में इसका लाभ मिले। इस शताब्दी समारम्भ महोत्सव में विहंगम योग के प्रणेता अनंत सदगुरू सदाफल देव महाराज की 135 फिट से भी ऊंची प्रतिमा का भी शिलान्यास होगा। भक्तों ने अपनी लोक-संस्कृति की पुनीत परंपरा द्वारा संत प्रवर श्री का स्वागत, सोत्साह गीत, संगीत, नृत्य एवं पुष्पवर्षा के साथ किया। इस अवसर पर सत्येंद्र स्वर्वेदी, दिनेश सिंह, सत्येंद्र मिश्रा अध्यक्ष बिलासपुर संभाग, कृष्ण कुमार संभाग संयोजक, शशिकांत सिंह संरक्षक संभाग सरगुजा, सागर गुप्ता, दीपक जयसवाल, डीपी गुप्ता, अमित जयसवाल, नंदलाल द्विवेदी, अखिलेश सिंह, राहुल सिंह, देवेंद्र नाथ दुबे, जमुना विश्वकर्मा, सुनील ठाकुर, प्रदीप, आत्माराम, रमेश यादव, योगेश्वरानंद नेताम, अनिकेत तिवारी, मनोज, रोहित, एकांत, प्रमोद, देव कुमार, भास्कर सहित अन्य की उपस्थिति रही।


# आंगनबाड़ी केंद्र में छत का प्लास्टर गिरने से दो महिला और बच्चे घायल हुए

## डीपीओ मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त आंगनबाड़ी भवन को बंद कराया

■ घटना के दौरान मौजूद रही दो महिलाएं और बच्चे प्राथमिक उपचार के बाद स्वस्थ्य

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** ग्राम पंचायत बेलखरिखा के आंगनबाड़ी केन्द्र महादेवपारा में बुधवार को छत का प्लास्टर गिरने से दो महिलाएं और बच्चे घायल हो गए। इसके साथ ही आंगनबाड़ी भवनों के मेंटनेंस की ओर कितना ध्यान दिया जा रहा है, इसकी पोल खुल गई। घटना संज्ञान में आते ही क्षतिग्रस्त आंगनबाड़ी भवन को मौके पर पहुंचे डीपीओ ने बंद कराया एवं आंगनबाड़ी को नजदीक के स्कूल में स्थानांतरित कर दिया है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग जेआर प्रधान ने बताया कि क्षेत्र में दो दिन से रूक-रूककर बारिश हो रही है। ग्राम पंचायत बेलखरिखा के आंगनबाड़ी केन्द्र महादेवपारा में गांव की दो महिलाएं अपने बच्चों को लेकर आंगनबाड़ी केन्द्र गई थी। दोनों महिलाएं बच्चों को लेकर बैठी थी। इसी समय



छत का प्लास्टर भरभराकर गिर गया। घटना के तुरंत बाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं पर्यवेक्षक द्वारा इन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। कलेक्टर के निर्देशानुसार घटना की सूचना पर तत्काल वे मौके पर पहुंचे और घायलों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि भवन की स्थिति ठीक है, छत में पानी जमा हो जाने के कारण पपड़ी बनने से प्लास्टर गिरने की घटना हुई है। दोनों महिलाओं एवं बच्चों का प्राथमिक उपचार कराया गया है, सभी स्वस्थ हैं। क्षतिग्रस्त आंगनबाड़ी भवन को बंद कर दिया गया है एवं आंगनबाड़ी को नजदीक के स्कूल में स्थानांतरित कर दिया गया है।

# अतिक्रमण बताकर मकान को तोड़ने से मचा हंगामा, वार्डवासियों ने उड़नदस्ता टीम को बनाया बंधक

## पुलिस की मध्यस्थता, मकान स्वामी व पार्षद ने लगाया 20 हजार रुपये मांगने का आरोप

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शहर के बौरीपारा में रिंग रोड के पास पट्टे की भूमि में बने मकान को निगम के उड़नदस्ता टीम ने जेसीबी लगाकर ध्वस्त कर दिया। नगर निगम की इस कार्रवाई से मकान स्वामी व वार्ड के लोग उग्र हो गए और निगम अमले को बंधक बना लिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह मामले को शांत कराया। नगर निगम के उड़नदस्ता टीम व वार्डवासियों के बीच झूमाझटकी की स्थिति भी बनी। सूचना मिलने पर वार्ड के पार्षद





मौके पर पहुंचे। पीड़ित महिला ने निगम अमले पर मनमानी का आरोप लगाया है। वार्ड पार्षद का कहना है कि निगम के उड़नदस्ता प्रभारी ने महिला से 20 हजार रुपये की मांग की थी। रुपये नहीं देने पर बिना नोटिस दिए जेसीबी से इनका घर ध्वस्त कर दिया। इस दौरान घर के बंदर एक व्यक्ति सो रहा था, जो बाल-बाल बच गया। जानकारी के मुताबिक बौरीपारा रिंग रोड निवासी दुर्गा देवी अपने पट्टे की भूमि पर मकान का निर्माण कराई थी। निगम का अमला मौके पर पहुंचकर निर्माण को अवैध बताया था और बिना अनुमति लिए मकान का निर्माण कराने की बात कहते हुए निगम के उड़नदस्ता टीम द्वारा महिला से 20 हजार रुपये की मांग की गई थी। महिला का आरोप है कि रुपये नहीं देने पर नगर निगम के उडऩ्दस्ता टीम ने जेसीबी से बिना पूर्व सूचना दिए मकान को ढहा दिया। नगर निगम की मनमाना कार्रवाई से महिला व स्वजन उग्र हो गए, इन्होंने कार्रवाई का विरोध करना शुरू कर दिया। इस दौरान वार्डवासियों ने भी महिला के पक्ष में आकर विरोध का स्वर मुखर किया। वार्डवासी व निगम अमले के बीच झूमाझटकी की स्थिति बन गई। इसके बाद लोगों ने निगम अमले को बंधक बना लिया। सूचना पर वार्ड पार्षद सतीश बारी भी मौके पर पहुंचे और माजरा समझने के बाद वार्डवासियों के समर्थन में विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिए। पार्षद का कहना था कि दुर्गा देवी का घर पट्टे की भूमि पर बना हुआ है। निगम के उड़नदस्ता टीम द्वारा रुपये की मांग की जा रही थी। रुपये नहीं देने पर बिना नोटिस दिए बुधवार को चोरी छिपे गरीब महिला का घर गिरा दिया गया है।

### नाप कराने पर निकली पट्टे की जमीन

पार्षद सतीश बारी का कहना है कि नगर निगम के द्वारा जिस जमीन पर बने मकान को अतिक्रमण बताकर तोड़ा गया है, इसकी नाप आरआई और पटवारी ने मौके पर आकर की, तो उक्त जमीन दुर्गा देवी के पट्टे की निकली। बारिश के मौसम में गरीब महिला के साथ किए गए कृत्य से वार्ड के लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है।

> नगर निगम के उड़नदस्ता टीम ने जिस स्थान पर कार्रवाई की है, वह फुटपाथ की शासकीय भूमि है। यहां रातों-रात निर्माण कराया गया था। इसकी जानकारी मिलने पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है।
>
> **प्रकाश सिंह राजपूत, निगम आयुक्त**

सरगुजा फ्रंटलाइन

# कलेक्टर से बच्चों ने मांगा कंप्यूटर लैब, सहायक आयुक्त को 15 दिन में लैब शुरू करने दिए निर्देश

## घंघरी स्थित एकलव्य और पहाड़ी कोरवा आवासीय विद्यालय सहित निर्माणधीन प्रयास विद्यालय का निरीक्षण

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शिक्षा के स्तर में सुधार के साथ ही विद्यार्थियों को स्कूल व हॉस्टल में मिल रही सुविधाओं को लेकर संजीदा सरगुजा कलेक्टर विलास भोसकर नए शिक्षा सत्र के प्रारंभ होने के बाद से ही जिले के विद्यालयों तक पहुंच बनाने की कोशिश में लगे हैं। हाल में कलेक्टर ने नदी और पहाड़ी रास्तों को पार करके मैनपाट के दुर्गम क्षेत्र में संचालित होने वाले स्कूलों तक पहुंचे थे। इसी क्रम में बुधवार को कलेक्टर ने घंघरी स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। घंघरी में वर्तमान में एक ही परिसर में एकलव्य आवासीय विद्यालय सीतापुर, बतौली और लुण्ड्रा संचालित है, जिसमें आवासीय व्यवस्था हेतु अलग-अलग कन्या एवं बालक छात्रावास निर्धारित हैं।

कलेक्टर ने दोनों भवनों का निरीक्षण किया और बच्चों के रहने, भोजन और शौचालय की सुविधा का अवलोकन किया। उन्होंने सबसे पहले छात्र-छात्राओं की उपस्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि आदिवासी बच्चों को बेहतर शिक्षा देकर मुख्यधारा से जोड़ने और अच्छे भविष्य का अवसर देने की मंशा से शासन द्वारा एकलव्य स्कूल संचालित किया जा रहा है, इसका लाभ बच्चों को मिले। उन्होंने अनुपस्थित बच्चों को स्कूल और छात्रावास भेजने हेतु स्वजनों से संपर्क करने के निर्देश आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त डीपी नागेश को दिए। उन्होंने कहा बच्चों की उपस्थिति शत-प्रतिशत हो। हर माह बच्चों की उपस्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसी तरह छात्रावास में बच्चों के भोजन और शौचालयों में स्वच्छता का निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने बच्चों से सीधे बात की और उनकी जरूरतों को जाना। बच्चों ने खुलकर बात करते हुए कंप्यूटर लैब की मांग कलेक्टर से की, जिस पर कलेक्टर ने सहायक आयुक्त को निर्देशित करते हुए 15 दिन में लैब शुरू करने आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने समय-समय पर बच्चों के हेल्थ चेकअप की भी जानकारी ली।



### पहाड़ी कोरवा आवासीय विद्यालय पहुंचे कलेक्टर

निरीक्षण की कड़ी में कलेक्टर विलास भोसकर ने पहाड़ी कोरवा कन्या और बालक आवासीय विद्यालयों में पहुंच कर बच्चों के लिए रहने, शिक्षण और भोजन की व्यवस्था देखी। कलेक्टर ने शिक्षण की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मौजूद ईई पीडब्ल्यूडी को दोनों विद्यालयों के लिए संयुक्त किचन एवं डाइनिंग हॉल निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए, जिससे बच्चों को बेहतर सुविधा मिल सके। इसी तरह उन्होंने बच्चों के रहने और स्वच्छता की व्यवस्था को भी बेहतर बनाने के निर्देश दिए।



### 15 अगस्त से पूर्व नए भवन में शिफ्ट करें विद्यालय

प्रयास आवासीय विद्यालय, अंबिकापुर हेतु निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने कहा कि 15 अगस्त से पूर्व प्रयास आवासीय विद्यालय को नवीन भवन में शिफ्ट करें। भवन का फिनिशिंग कार्य जारी है। कलेक्टर ने ईई पीडब्ल्यूडी वीके बेदिया को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित कार्यों को अगले दस दिनों में युद्ध स्तर पर पूर्ण करें, आवश्यकता हो तो लेबर बढ़ाएं। उन्होंने सहायक आयुक्त डीपी नागेश को छात्र-छात्राओं को शिफ्ट करने की तैयारी करने के निर्देश दिए। वर्तमान में प्रयास विद्यालय कन्या परिसर स्थित भवन में संचालित है।

# प्राकृतिक आपदा में हुई जनहानि में वारिसों को 84 लाख रुपये स्वीकृत

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** अपर कलेक्टर ने प्राकृतिक आपदा राहत के तहत मृतकों के वारिसों को 84 लाख रुपये की मंजूरी दी है। तहसील अंबिकापुर नमनाकला निवासी विनय शर्मा की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके निकटतम वारिस विवेक शर्मा, तहसील सीतापुर के सरगा निवासी बिहारी की आकाशीय बिजली से मृत्यु होने पर निकटतम वारिस कमलेश्वर, विदुर सिंह सिदार निवासी गिरहुलडीह की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर निकटतम वारिस कान्ती सिंह, पंकज एरण्ड निवासी की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर निकटतम वारिस लक्ष्मण, तहसील बतौली सनमना निवासी रतन पैंकरा की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर निकटतम वारिस भजन पैंकरा, नीलू नगेशिया कालीपुर निवासी की मृत्यु आग से झुलसने से होने पर निकटतम वारिस लखन राम नगेशिया, सोविंद राम पोपरेंगा निवासी की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर निकटतम वारिस अनिता पैंकरा, गुलाब राम, मोहन राम बटईकेला निवासी की आकाशीय बिजली से मृत्यु होने पर निकटतम वारिस रामबाई, तहसील मैनपाट पैगा के निवासी बन्दरी की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर निकटतम वारिस डंडा, शनियारो कदनई निवसी की मृत्यु सांप काटने से होने पर निकटतम वारिस शोभनाम, चम्पा चैनपुर निवासी मृत्यु सांप काटने से होने पर निकटतम वारिस खोंटे, रामकुमार भैसा जामढ़ोढ़ी निवासी की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर निकटतम वारिस कुंज राम भैसा, मोटू माझी कोट निवासी की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर निकटतम वारिस घुटरा माझी, करिश्मा पैगा निवासी की आकाशीय बिजली से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस छतरू, पोकलू माझी कोटछाल निवासी की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर निकटतम वारिस अनिता माझी, संतोष बरवा असगवां निवासी की मृत्यु मधुमक्खी के काटने से होने पर मृतक के निकटतम वारिस दिलीप बरवा, फुलकुवंर हर्रामार निवासी की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर निकटतम वारिस सावन माझी, सुनिता बरिमा निवासी की मृत्यु सांप काटने से होने पर निकटतम वारिस विमल माझी, सच्ची यादव केसरा निवासी की मृत्यु पानी में डूबने से होने परनिकटतम वारिस कैलाश राम यादव, बुधियारो कोट निवासी की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर निकटतम वारिस दयाराम, तहसील लखनपुर के ढोढाकेसरा निवासी धनेश्वर की मृत्यु सांप काटने से होने पर निकटतम वारिस नानमति के लिए 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि की मंजूरी राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 संशोधित के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत दी गई।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी जेल दाखिल



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म के मामले में थाना उदयपुर पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक बीते 12 जुलाई को थाना क्षेत्र की एक लड़की घर से बिना बताए कहीं चले गई थी। काफी खोजबीन के बाद भी जब बालिका का पता नहीं चला तो 14 जुलाई को स्वजन ने इसकी रिपोर्ट उदयपुर थाना में दर्ज कराई थी। इसी तारतम्य में सामने आया कि नाबालिग लड़की को किशन दास उर्फ राधे दास बहला-फुसला कर ले गया है। इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस ने धारा 137 बीएनएस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था।

पुलिस टीम नाबालिग को बरामद करके उससे पूछताछ की तो पता चला कि सरगवां उदयपुर निवासी किशन दास उर्फ राधे दास उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था और जबरन दुष्कर्म किया। पुलिस टीम ने आरोपी किशन दास उर्फ राधे दास 21 वर्ष को गिरफ्तार किया तो उसने किशोरी के साथ दुष्कर्म करना स्वीकार किया। मामले में पुलिस ने धारा 87, 64 बीएनएस एवं पोक्सो एक्ट की धारा 4, 6 जोड़कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी उदयपुर निरीक्षक कुमारी चंद्राकर, सहायक उप निरीक्षक दिलिप दुबे, प्रधान आरक्षक राजनाथ राम, महिला आरक्षक प्रियंका तिर्की आरक्षक प्रवीण सिंह शामिल रहे।

# प्रधान आरक्षक के घर का दरवाजा तोड़कर घुसे चोर को ग्रामीणों ने पकड़ा

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** प्रधान आरक्षक के गृहग्राम में स्थित मकान में चोरी की नियत से दरवाजा तोड़कर घुसे युवक को गांव के लोगों ने पकड़कर देर रात पुलिस के सुपुर्द कर दिया। आरोपी युवक घर के बाहर और अंदर के दरवाजा को तोड़कर अंदर प्रवेश किया था।

जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक कार्यालय सूरजपुर में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ मनीष पन्ना पिता स्व. पन्ना लाल का दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम पोड़िपा में पैतृक निवास है। 23 जुलाई की रात लगभग 11.50 बजे गांव का ही एक युवक उनके घर में चोरी करने की नियत से घुसा था। घर में प्रधान आरक्षक मनीष पन्ना की मां अकेली रहती है, जो ऊपर वाले कमरे में गांव की ही एक लडकी के साथ सो रही थी। रात करीबन 11.50 बजे घर में किसी के घुसने और दरवाजा तोड़ने का इन्हें आभास हुआ, इसकी जानकारी उन्होंने फोन पर मनीष को दी, तत्समय प्रधान आरक्षक अपने कार्यस्थल सूरजपुर में था। उसने अपने चचेरे भाई अमित पन्ना, गांव के सरपंच दिनेश एवं पड़ोस के अन्य लोगों को फोन करके घर में किसी के घुसने और दरवाजा तोड़ने की जानकारी दी। जब वे प्रधान आरक्षक के घर पहुंचे तो घर का मुख्य दरवाजा टूटा हुआ था। अंदर जाने पर कमरे का दरवाजा टूटा मिला। घर के अंदर गांव का ही सिनोद एक्का पिता दिलबोध एक्का छिपा हुआ था। देर रात एक बजे प्रधान आरक्षक अपने पैतृक निवास में पहुंचे तो गांव के लोग चोर को पकड़कर रखे थे। इसकी सूचना डॉयल 112 को दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने आरोपी युवक को कब्जे में ले लिया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी करने की नियत से घर में घुसना स्वीकार किया। दरिमा थाना पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है।

### बीमार युवक की मौत, मुंह से निकला था झाग, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** एक सप्ताह से बीमार युवक की मौत हो गई। युवक के मुंह से झाग निकल रहा था, जिससे संदेह की स्थिति उत्पन्न होने पर अस्पताल से मिली सूचना पर पुलिस ने मृत युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

जानकारी के मुताबिक दरिमा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पोड़ीखुर्द निवासी सगरू सुरेन पिता स्व. बंधन सुरेन 35 वर्ष का स्वास्थ्य एक सप्ताह से खराब था। सर्दी, खांसी और पैर में सूजन होने के कारण स्वजन उसे 18 जुलाई को पतरापाली ग्राम में डॉ. रिंकू गुप्ता के पास ले गए और दवा लेकर घर आ गए थे। युवक की तबियत 23 जुलाई को पुनः बिगड़ गई और वे उसे पुनः पतरापाली ग्राम में डॉ. रिंकू गुप्ता के पास ले गए फिर दवा लेकर घर वापस आ गए थे। इसी दिन रात 8 बजे युवक की तबियत अधिक बिगड़ गई और संजीवनी 108 से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई थी। अस्पताल के आपातकालीन चिकित्सा परिसर में जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक के मुंह से झाग निकलने के कारण संदेह की स्थिति बन रही थी। स्वजन भी इसके बारे में किसी को कुछ बता पाने की स्थिति में नहीं थे। मौत का वास्तविक कारण जानने के लिए पुलिस ने युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

# पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग को लेकर सीएम के नाम अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**छ.ग.फ्रंटलाइन भटगांव।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ जिला इकाई सूरजपुर ने जिला कलेक्टर कार्यालय सूरजपुर में 24 जुलाई, बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ महेश प्रसाद के दिशा-निर्देश पर पत्रकार हितों की सुरक्षा के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन पत्र सूरजपुर जिले की अपर कलेक्टर नयन तारा सिंह तोमर को सौंपा।

महासंघ के जिला अध्यक्ष मोहन प्रताप सिंह ने बताया राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निर्देश पर पत्रकार हितों की सुरक्षा के लिए सौंपे गए मांग पत्र में सभी राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों में अधिमान्यता के लिए बनाई गई नियमावली में एकरूपता लाने व पूरे देश में समान रूप से लागू करने का आग्रह किया गया है।



इसके अलावा पूरे देश के पत्रकारों के परिवार के सदस्यों के इलाज की समुचित व्यवस्था सरकार द्वारा मुफ्त करने एवं आए दिन देशभर में पत्रकारों के बढ़ते उत्पीड़न को देखते हुए सदन में कानून बनाकर कारगर उपाय करने की मांग की गई है। साथ ही सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू कराने का आग्रह किया गया है। इस दौरान महासंघ सरगुजा संभाग के अध्यक्ष राकेश जायसवाल, संभागीय संगठन सचिव सरगुजा वीरेंद्र पटेल, सूरजपुर जिला अध्यक्ष मोहन प्रताप सिंह, लौकेश गोस्वामी, शशि रंजन सिंह, राजू जायसवाल, गौरव, शाहिल, गौतम, सोनू चौधरी उपस्थित रहे।

# हत्या के बाद एक हाथ की कलाई और गुप्तांग काटकर शव दफनाया

## पुलिस ने कब्र से शव बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम कराया

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले के सामरी थाना क्षेत्र अंतर्गत 35 वर्षीय युवक की हत्या गांव के ही एक व्यक्ति ने कर दी और एक हाथ की कलाई और गुप्तांग को काटकर जंगल में दफन कर दिया। आरोपी मृतक के शरीर से काटे गए अंग को झोले में लेकर घूम रहा था। इसकी जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने इसकी तस्दीक के लिए तहसीलदार और फॉरेंसिक एक्सपर्ट की मौजूदगी में युवक के शव को कब्र से बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सौंप दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक सामरी थाना क्षेत्र के ग्राम डुमरखोली के ग्रामीणों ने पुलिस को बताया था कि गांव के विनोद बिरजिया 35 वर्ष की हत्या करके उसके एक हाथ की कलाई और गुप्तांग को गांव का ही मगधू बिरजिया काट दिया है और झोले में लेकर घूम रहा है। ग्रामीणों से मिली सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस घुरटोला जंगल टोंगरी में तहसीलदार और फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम के साथ आवश्यक औपचारिकता पूरी करके पहुंची और दफनाए गए शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने बताया कि 22 जुलाई की शाम ग्रामीणों ने उन्हें इसकी सूचना दी थी, जिसके लिए विधि सम्मत प्रक्रियाओं को पूरा करके कब्र से शव को बाहर निकाला गया है। पुलिस अब आरोपी के तलाश में जुट गई है।

# भटगांव मंडल कार्यसमिति की बैठक में आगामी चुनावों का खाका तैयार

**छ.ग.फ्रंटलाइन भटगांव।** भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक सामुदायिक भवन में हुई। बैठक जिला अध्यक्ष भाजपा बाबूलाल अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष महेश्वर पैकरा, मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े, प्रदेश मंत्री परमेश्वरी राजवाड़े के आतिथ्य में हुई। सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि बूथ स्तर पर व सरपंच, जनपद सदस्य, नगर पंचायत, जिला पंचायत में अपना कब्जा हो, इसके लिए अभी से तैयारी करना शुरू कर दें। बैठक में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 3 पंचवर्षीय शासनकाल के लिए भाजपा पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को बधाई दी। प्रदेश मंत्री परमेश्वरी राजवाड़े ने देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के प्रस्ताव का वाचन किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महेश्वर पैकरा ने राजनीतिक प्रस्ताव व नगरीय निकाय चुनाव के विषयों को विस्तृत रूप से रखा, साथ ही आगामी 25 जुलाई से पांच अगस्त तक शक्ति केंद्र व बूथ स्तर पर कार्यक्रम की जानकारी दी और इसका खाका तैयार किया गया। अभार प्रदर्शन संतलाल प्रजापति ने किया।



कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिपं उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता, मंडल सह प्रभारी जगरे लाल यादव, सुरेश पाटले, मंडल अध्यक्ष सुभाष राजवाड़े, महरजिया सिंह, पदमा जायसवाल, शिवनाथ पैकरा, आशीष बाजपेयी, महामंत्री संतलाल प्रजापति, जिला कार्यसमिति सदस्य कमलेश सिंह, भाजपा नेता वीरेंद्र गुप्ता, आशीष गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष वरुण मरावी, राजेंद्र तिवारी, राजेश गुप्ता मीडिया प्रभारी, पूनम तिवारी, बुधदेव सिंह, सोनामति राजवाड़े, बालो देवी पाटले, अनीता राजवाड़े, सुनीता प्रजापति, गीता गुप्ता, बृज बिहारी गुप्ता, भृगु राजवाड़े, मुनेश्वर, धर्मपाल पैकरा, पारस पैकरा, अनूप जयसवाल, विक्की मिंज, भरत तिर्की, खुलेशवर राजवाड़े, पूरन राजवाड़े, अमित गुप्ता, रामप्रसाद, चंद्रदेव राजवाड़े, सहेबा पैकरा, रामप्रताप सोनी, बिहारी विश्वकर्मा, देव कुमार, जयप्रकाश यादव, जागर साय, रघुवीर कसेरा, अहिबरन मानिकपुरी, भोला मानिकपुरी, बच्चा लाल, रामधनी यादव, सुखलाल राजवाड़े, नरेश राजवाड़े, रवि यादव, नेहरू, लक्ष्मण, रतन राजवाड़े, खुले लाल प्रजापति, सरपंच देवी चरण, शिवनारायण राजवाड़े, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, दीपक सोनी, राजू जयसवाल, ज्ञान प्रकाश दुबे, रतन राजवाड़े, बिगन राजवाड़े, सरवन मानिकपुर सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल महामंत्री रमेश गुप्ता ने किया।

# बर्निंग कार से कूदकर युवक व उसकी सास ने बचाई जान

**अंबिकापुर।** बुधवार की दुपहरी में मनेंद्रगढ़ मार्ग में स्थित गौरी पेट्रोल पंप के सामने, साईं मंदिर मार्ग पर एक चलती कार में अचानक आग लग गई। कार चला रहे युवक के साथ एक महिला थी, जिन्होंने कूदकर जान बचाई। कार में लगी आग के भयावह रूप को देखकर लोगों के कदम ठिठक गए और काफी भीड़ लग गई। आस-पास के दुकानदारों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन कुछ ही देर में कार जलकर खाक हो गई।



जानकारी के मुताबिक सूरजपुर जिले के बिश्रामपुर का मोहम्मद कैफ 38 वर्ष अपनी कार से बुधवार की सुबह अंबिकापुर आया था। दोपहर करीब 12 बजे वह सास को कार से बिश्रामपुर ले जा रहा था। साईं मंदिर मार्ग होते हुए मनेंद्रगढ़ रोड पर निकलने ही वाला था कि अचानक कार के बोनट से धुआं निकलने लगा। यह देख युवक ने कार को सड़क के किनारे खड़ी कर दिया और तत्काल सास के साथ कार से बाहर निकल गया। कुछ ही पल में कार में आग लग गई और आग की लपटें ऊपर तक उठने लगीं। कार के एसी में हुई शॉर्ट-सर्किट से आग लगने की संभावना बनी हुई है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 ( छत्तीसगढ़ ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर